तापमान

अधिकतम 37.2 डिग्री

न्यूनतम 29.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 8 मई 2024



10 श्रीमद भागवत में सुनाई गई कृष्ण-सुदामा मिलन की ...





11 तोषगांव में हरि नामयज्ञ संकीर्तन्य अष्टप्रहरी ...









किडनी डायलिसिस उपलब्ध | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी. टी. स्कैन मशीन | सर्वसुविधायुक्त ICU & NICU | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | सभी प्रमुख ऑपरेशन की सुविधा

सभी प्रकार की जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जरी

अब बसना में

20000+ डिलीवरी

10000+ सामान्य सर्जरी

10000+ लेप्रोस्कोपिक सर्जरी

प्रतिदिन उपलब्ध

बीजू कार्ड/आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज

सभी ऑपरेशन न्यूनतम दरों पर उपलब्ध

- हर्निया, गॉल ब्लैडर पथरी
- अपेंडिक्स,
- अंडाशय गठान, ओवेरियन सिस्ट
- बच्चेदानी संबंधित
- हाइड्रोसील
- पाइल्स
- पॉलिप, परफोरेशन,
- दूरबीन द्वारा पेट की जांच,
- मूत्र रोग एवं पथरी के ऑपरेशन
- फिशर
- स्तन की गठान
- कैंसर ऑपरेशन

AGRAWAL NURSING HOME MULTISPECIALITY HOSPITAL

अग्रवाल नर्सिंग होम

बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.) 84618-11000, 77708-68473, 77730-86100


## खबर संक्षेप

### बारात में नाचने के दौरान हुई मारपीट, जुर्म दर्ज



**महासमुंद।** ग्राम बल्दीडीह में निकली बारात में नाचने के दौरान मारपीट होने का मामला सामने आया है। सांकरा पुलिस को प्रार्थी विभीषण भोई पिता उपेंद्र भोई (19) निवासी सीतापुर बसना ने बताया कि आरोपी नरेंद्र तांडी निवासी सांकरा ने बारात में नाचने के दौरान धक्का करने की बात को लेकर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का, चाकू से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### महिला से मारपीट मामले में जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बसना के वार्ड 10 मेंएक महिला के साथ तीन लोगों द्वारा मारपीट किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। प्रार्थिया उर्मिला बंजारा पति अभिमन्यु बंजारा (50) के साथ आरोपी गोलू उर्फ जसप्रीत अरोरा और दो अन्य लोगों ने मारपीट, गाली गलजौ करने के साथ जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थिया को जमीन पर गिरने से सिर व दाहिने हाथ में चोट भी आई है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** नगर के पुराना मलेरिया ऑफिस के पास पुलिस ने आरोपी राकेश साहू पिता हेमलाल साहू (30) निवासी वार्ड 27 गुडरूपारा के कब्जे से 5940 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 2970 रुपए जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# शहर का गंदा पानी बन रहा तुमाडबरीवासियों के लिए जलसंकट का कारण


हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर से निकलने वाला गंदा पानी समीप के गांव में पहुंच रहा। साथ ही गांव के जलस्त्रोतों को दूषित भी कर रहा जिससे गांव में पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इस मामले को लेकर समीपस्थ ग्राम परसदा (ब) के ग्रामीण मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचे, जहां उन्होंने कलेक्टर को अपनी समस्या से अवगत कराया।

ग्रामीणों ने बताया है कि आश्रित ग्राम तुमाडबरी के वार्ड क्र. 10 में नगर पालिका वार्ड क्र. 04 एवं 05 के नाली का गंदा पानी गांव की गलियों में बह रहा है। साथ ही यहां के पेयजल के प्रमुख स्त्रोत जैसे बोर और कुओं को भी दूषित कर दिया है। जिसके जलते पानी में बदबू आनी शुरु हो गई है और गांव में पेयजल संकट की स्थिति है। उक्त पेयजल का उपयोग कर करने पर ग्रामीण जल-जनित रोग जैसे उल्टी, दस्त, डायरिया जैसे इत्यादि रोगों के शिकार हो सकते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में एक माह पूर्व भी पालिका प्रशासन को इस समस्या से अवगत कराया गया था, लेकिन अब तक कोई पहल नही किए जाने के कारण उन्हें जिला प्रशासन से इस समस्या का निदान मांगा जा रहा है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि भीषण गर्मी एवं पेयजल संकट को ध्यान में रखते हुए गंदा पानी का निपटान करते हुए उचित व्यवस्था के लिए पालिका को निर्देषित करें। ताकि, ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मिल सके।

## पानी टंकी भी अधूरी, गंदे पानी से पेयजल संकट भी गहराया





### निर्माण अधूरा इसलिए गहराया जल संकट

ग्रामीणों ने कलेक्टर को एक अन्य मामले में भी मांगपत्र सौंपा। जिसके अनुसार ग्राम तुमाडबरी में पानी टंकी का निर्माण अब तक नहीं हो पाया है। प्रधानमंत्री नल जल योजना के तहत 1.18 करोड़ के लगभग स्वीकृत उक्त निर्माण कार्य शुरु हुए लगभग 1 वर्ष हो चुका है। लेकिन, ठेकेदार द्वारा अब तक इसे पूर्ण नही किया जा सका है जिसके चलते पेयजल संकट और गहरा गया है। ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार द्वारा दीपावली तक इसे पूर्ण करने का आश्वासन दिया था जो आज पर्यन्त अधूरा है और वर्तमान में निर्माण कार्य बंद होने के साथ ठेकेदार ने अपना सामान भी शिफ्ट कर दिया है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से गांव में पेयजल समस्या को देखते हुए पानी टंकी निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण कराने की भी मांग की है।

## संज्ञान : बरबसपुर रेत खदान मामले में घटना के 6 दिन बाद पहुंच पाई विभाग की टीम

# मशीन से उत्खनन होता पाया फिर भी नहीं की जब्ती, नोटिस भी देंगे बाद में




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बरबसपुर के वैध रेत खदान में अफसरों ने अवैध कार्य होते हुए पाया। मशीनों से उत्खनन होता पाए जाने के बावजूद जब्ती कार्रवाई नही की गई। अब संबंधितों को नोटिस भी बड़े साहब के आने के बाद जारी किए जाने की बात कही जा रही है। मामले में जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू द्वारा मारपीट की घटना के पांच दिन बाद भी खनिज विभाग द्वारा संज्ञान नही लिए जाने के बाद कलेक्टर से शिकायत की गई जिसके पश्चात सहायक खनिज अधिकारी अपनी टीम के साथ मंगलवार को मौके पर पहुंचे।

एक मई की शाम को जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू ने रात्रि में उत्खनन और परिवहन को लेकर आपत्ति दर्ज कराई और खनिज विभाग को इसकी मौखिक शिकायत की जिसके बाद बिरकोनी चौक में उत्खननकर्ता झालाराम चंद्राकर और उसके पुत्र वैभव चंद्राकर द्वारा जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू और उसके पुत्र से मारपीट की गई और उसके गाड़ी को भी क्षति पहुंचाई गई। वहीं दूसरे पक्ष ने भी कोतवाली में लिखाई गई रिपोर्ट में जनपद अध्यक्ष पर उगाही का आरोप लगाया, जिस पर यतेंद्र साहू के खिलाफ भी अपराध दर्ज किया गया।

मामले को लेकर सहायक खनिज अधिकारी देवेंद्र साहू ने हरिभूमि को बताया कि कलेक्टर से शिकायत होने के बाद वे मंगलवार को टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मशीन से उत्खनन होते देखा। उसे रोकवाया गया। लेकिन, जब्ती की कार्रवाई नही की गई। उन्होंने कहा कि खनिज अधिकारी सनत कुमार साहू सोमवार से सामान्य छुट्टी पर हैं इसलिए प्रभार किसी को नही दिया है। सोमवार को आएंगे तब संबंधित अवैध कृत्य करने वालों को नोटिस जारी किया जाएगा।

### एक कांग्रेसी नेता खदान में पार्टनर

रात में किए जा रहे उत्खनन, बिना पीट पास के परिवहन, मानव श्रम के बगैर खुदाई, निर्धारित स्थान से अन्यत्र खनन जैसे कई अनियमितताओं की मौखिक शिकायत के बाद अफसरों को मौके पर पहुंचने में 6 दिन लग गए। मिली जानकारी के अनुसार उक्त खदान में कुल 5 पार्टनर हैं। जिसमें प्रदेश स्तरीय एक कांग्रेसी नेता के भी शामिल होने की बात सामने आई है। आश्चर्य की बात यह है कि भाजपाई जनप्रतिनिधि पर हुए हमले के बाद भी भाजपाई भी चुप्पी साधे बैठे हैं। चर्चा है कि उत्खननकर्ताओं ने दोनों पार्टियों का मुंह चंदा से बंद कर रखा है वहीं अवैध कार्यों में भी अफसरों की मौन सहमति उनके वित्त पोषित होने का प्रमाण प्रस्तुत कर रहे हैं।

# कृषि दवाई व खाद बेचने का झांसा, 18 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर के एक व्यक्ति से कृषि दवाई और खाद बनाकर बेचने के नाम पर 18 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ ठगी का मामला पंजीबद्ध किया है।

प्रार्थी प्रवीण खन्ना पिता स्व. राजकुमार खन्ना निवासी इमलीभाठा महासमुंद व खन्ना ट्रांसपोर्ट के संचालक ने बताया कि आरोपी सुजय सिखदार, तनुज सरकार, अमित दास, तुकेश देवांगन ने खुद को जेट एग्रोटेक बोरियाकला सदानी दरबार रायपुर का संचालक बता कर कृषि दवाई व खाद बनाकर विक्रय करने का प्रलोभन दिया और मुझे विश्वास में लेकर सीएनएफ लेने के लिये कुल 18 लाख रुपए खाते मे जमा करने व तीन नग ब्लैंक चेक गारंटी के रूप में रखने का नियम बताया। इसके लिए उन्होंने एक अनुबंध पत्र निष्पादित किया। मैने उपरोक्त कंपनी के संचालकों के भरोसे में आकर को 18 लाख रुपए आरटीजीएस के माध्यम से उनके द्वारा दिए गये बैंक खाते में जमा किया। प्रार्थी ने बताया कि मुझे आज दिनांक तक उक्त जेटी एग्रोटेक साल्यूशन से किसी भी प्रकार का कृषि दवाई खाद या अन्य प्रोडक्ट प्राप्त नहीं हुआ है। जेटी एग्रोटेक साल्युशन के द्वारा प्रलोभन देकर मेरे साथ कुल राशि 18 लाख रुपए की धोखाधड़ी कर आर्थिक नुकसान पहुंचाया है। प्रार्थी के आवेदन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 34 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### फायनेंस कंपनी के कर्मचारी पर 3 लाख 29 हजार रुपए गबन का मामला

**महासमुंद।** नगर में फायनेंस कंपनी के कर्मचारी द्वारा 3 लाख 29 हजार से ज्यादा रुपए किए जाने का गबन मामले में संस्था के ब्रांच मैनेजर ने महासमुंद में थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रार्थी खगेश्वर नंद पिता जयलाल नंद (32) अंतरझोला थाना बलोदा जिला महासमुंद ने बताया कि मैं बीटीआई रोड स्थित शिवानंद कॉलोनी में शाखा कार्यालय स्थित आरोहन फायनेंस कम्पनी में ब्रांच मैनेजर विगत अक्टूबर 2022 से कार्यरत हूं। यह कंपनी आरबीआई से पंजीकृत है और ग्रामीण/शहरी महिलाओं का समूह बनाकर ऋणधारी ग्राहक अपनी किस्त को मासिक रूप में जमा करते है जिसके पावती उनको ऋण पुस्तिका में इंद्राज किया जाता है।प्रार्थी ने बताया कि संस्था में कार्यरत फील्ड ऑफिसर संजय जगदल्ला निवासी सांकरा, तहसील पिथौरा ग्राहकों से मासिक किस्त की राशि की वसूली कर संस्था में जमा करने का काम करता था। लेकिन विगत जुलाई 2023 से ग्राहकों से उनकी मासिक जमा राशि लेकर संस्था में जमा न कर स्वयं उपयोग कर लिया है। आरोपी संजय जगदल्ला के द्वारा अलग-अलग दिनांक में कुल 444054 रुपए प्राप्त कर मात्र 114850 रुपए संस्था में जमा किया है तथा शेष 329204 रुपए का स्वयं उपयोग कर गबन किया है, जिससे संस्था को आर्थिक नुकसान पहुंचा है। जब आरोपी से रकम जमा करने कहा जाता है तो वह अभी पैसा नहीं है। पैसा आएगा तो जमा करा दूंगा, कहकर बार-बार गुमराह करता है। मामले में महासमुंद थाने में आरोपी के खिलाफ धारा 408 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## 9 या 10 मई को आ सकते हैं परिणाम

# 10वी-12वीं बोर्ड परीक्षाओं के नतीजे तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के नतीजे की घोषणा 9 अथवा 10 मई को की जा सकती है। दोनों परीक्षाओं के नतीजे तैयार करने का कार्य तकरीबन पूरा हो चुका है। अब नतीजे घोषित होने का इंतजार है।

माशिमं ने दोनों परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन समय पर पूरा कर लिया। इसके बाद नतीजे तैयार किए गए। बताते हैं कि नतीजे तैयार करने का काम भी तकरीबन पूरा हो चुका है। प्रयास किया जा रहा है कि रोके गए नतीजे के प्रकरणों की संख्या कम से कम हो। इसके अलावा टॉपर बच्चों के अंकों का पुनर्मिलान किया जा रहा है। ताकि, किसी तरह की कोई दिक्कत न हो। प्रदेश की लोकसभा की बची हुई 7 सीटों के लिए 7 मई को मतदान है। सूत्रों के हवाले से खबर है कि इसके बाद ही नतीजे घोषित किए जाएंगे। सूत्रों के अनुसार 10वीं और 12वीं दोनों कक्षाओं के नतीजे अन्य वर्षों की भांति एक साथ 9 अथवा 10 मई को घोषित किए जाएंगे। नतीजे के साथ दोनों परीक्षाओं के टॉप टेन की सूची भी जारी की जाएगी।

### बोर्ड परीक्षा में 24 हजार 512 पंजीकृत रहे

बता दें कि सीजी बोर्ड कक्षा 10वीं की परीक्षा 02 मार्च से 23 मार्च तक जिले के 114 परीक्षा केंद्रों में संचालित किए गए। इस बार बोर्ड परीक्षा में 24 हजार 512 विद्यार्थी पंजीकृत हुए थे। इनमें 12वीं में 10 हजार 548 तथा 10वीं में 13 हजार 964 बच्चे पंजीकृत थे। बीते वर्ष भी 10 मई को नतीजे घोषित हुए थे। कक्षा 12वीं में 79 प्रतिशत और 10वीं में 75 फीसदी विद्यार्थी परीक्षा में सफल हुए थे। शिक्षा विभाग इस बार के नतीजे और अच्छे आने की उम्मीद लगा रखी है।

### सीबीएसई के नतीजे 20 मई के बाद

छत्तीसगढ़ बोर्ड के अलावा सीबीएसई बोर्ड के बच्चों को भी नतीजे का इंतजार है। सीबीएसई 10वीं एवं 12वीं के नतीजे 20 मई के बाद जारी किए जाएंगे। नतीजे घोषित होने पर परीक्षार्थी सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर अपना परिणाम देख सकेंगे। सीबीएसई नई शिक्षा नीति के अनुसार पाठ्यक्रमों और परीक्षाओं में आगामी शिक्षा सत्र से कई बदलाव करने जा रहा है। इसी क्रम में सीबीएसई बोर्ड की मुख्य परीक्षाएं साल में दो बार आयोजित की जाएंगी।

## छाए रहे बादल...



महासमुंद। भीषण गर्मी के बीच एक बार फिर मौसम में बदलाव आया है। मंगलवार को सुबह हल्की बारिश के साथ बादल छाए रहे।


हरिभूमि

पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969



टैक्सी चाहिए

हरिभूमि समाचार पत्र में रात्रि पेपर पार्सल ले जाने हेतु मारूति इको, टाटा मैजिक, बोलेरो, डी आई टैक्सी की आवश्यकता है।

रायपुर से सरायपाली

संपूर्ण कागजात के साथ प्रसार विभाग में संपर्क करें।

हरिभूमि

कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर



online Booking:-www.tripuryatra.com

सबसे कम राशि पर

स्लीपर मात्र 20,500/-



चार धाम यात्रा

श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश

By Train-रिजर्वेशन कोच

20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024

05 जून से 18 जून 2024

राशि:-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 34,500/- (+5%GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संपर्क करें:-7354-411411


## दो मामलों में 72 हजार से ज्यादा की शराब जब्त

**महासमुंद।** तुमगांव पुलिस ने दो मामलों में 72 हजार से ज्यादा की शराब जब्त की है। पुलिस ने बताया कि ग्राम अछोला में आरोपी मुकेश साहू पिता बाबूलाल साहू (30) के ठेले से 63900 एमएल देशी प्लेन/मसाला शराब जब्त किया गया है। उक्त शराब की कीमत 40450 रुपए बताई गई है। इसी तरह पुलिस ने ग्राम अछोला से ही आरोपी हितेश साहू पिता महेश साहू (27) निवासी अछोला के कब्जे से 56700 एमएल प्लेन/मसाला शराब कीमत 32150 रुपए को जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** नगर के कुर्मीपारा में एक व्यक्ति के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। प्रार्थी अशोक कुमार पिता हीरालाल चंद्राकर (58) वार्ड 17 कुर्मीपारा ने पुलिस को बताया कि आरोपी महेश कुमार चंद्राकर पिता चेतनलाल चंद्राकर निवासी वार्ड 17 कुर्मीपारा ने उसे गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## खबर संक्षेप

### कमल विहार में ज्ञान क्षेत्र का उद्घाटन 12 को

**रायपुर।** आर्ट ऑफ लिविंग रायपुर परिवार रायपुर द्वारा गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर के जन्मदिन की पूर्व संध्या 12 मई को कमल विहार ज्ञान क्षेत्र सी-4 सेक्टर का उद्घाटन समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में रायपुर सहित छत्तीसगढ़वासियों को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी संस्था के पदाधिकारियों ने देते हुए बताया कि 12 मई को सुबह 8 बजे वास्तु और गणेश होमा, सुबह 11 बजे उद्घाटन कार्यक्रम एवं दोपहर में भोजन का कार्यक्रम होगा।

### एक्शन मोड में सीनियर डीसीएम, यात्री बनकर पहुंचे स्टेशन, कुलियों को शराब पीते रंगे हाथ पकड़ा



**रायपुर।** मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी पदभार संभालने के बाद ही एक्शन मोड में आ गए हैं। सोमवार को सुबह आम यात्री की तरह बिना स्टॉफ की मदद के उन्होंने स्टेशन का आकस्मिक निरीक्षण कर स्टेशन में मौजूद जन सुविधाओं को जायजा लिया। इस दौरान जब सीनियर डीसीएम जब कुली विश्राम गृह में पहुंचते तो सुबह से ही कुली शराब पीते नजर आए। वाणिज्य प्रबंधक ने भविष्य में ऐसा गलती न करने की हिदायत दी। स्टेशन पर कार्यरत कुली बिल्ला क्रमांक 165 सुभाष निर्मलकर ने लिखित में स्वीकार किया कि वह और उसके साथी शराब पी रहे थे। निर्मलकर के साथ भुवन साहू, अरुण निर्मलकर झराड प्रसाद भी साथ में मदिरापान में शामिल थे। कुली का बिल्ला 165 क्रमांक जमा करा लिया गया है। आकस्मिक निरीक्षण के बाद वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने बताया कि मैं आम यात्री की तरह स्टेशन का निरीक्षण करना चाहता था। यात्री की नजर से जन सुविधा को देखा है। स्टेशन में व्यवस्थाओं में सुधार किया जाएगा, ताकि यात्रियों को किसी भी प्रकार से दिक्कत न हो। निरीक्षण के दौरान पाया कि क्लॉक रूम में कार्यरत स्टाफ अपने कार्यों को नियमानुसार कर रहे थे, यात्रियों से व्यवहार भी सौम्य था व स्टॉल पर ओवरचार्जिंग भी नहीं पाई गई। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने सभी यात्रियों को आगाह किया है कि किसी भी प्रकार की अनियमित गतिविधियां अगर स्टेशन में पाई जाती हैं, तो तुरंत 139 रेलवे हेल्पलाइन पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं।

### मेडिकल की नई तकनीक विकसित करने एम्स-आईआईटी इंदौर के बीच एमओयू




रायपुर। मेडिकल की नई तकनीक और शोध तथा अनुसंधान के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान और आईआईटी इंदौर के बीच अनुबंध पर हस्ताक्षर किया गया है। एमओयू के तहत हेल्थ वर्करों को प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण देने सिम्युलेटर और किट प्रदान किया जाएगा। एम्स की ओर से कार्यपालक निदेशक जनरल अशोक जिंदल और आईआईटी इंदौर दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन के उपाध्यक्ष अमनदीप श्रीवास्तव ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। एम्स निदेशक ने बताया कि एमओयू की मदद से दोनों संस्थानों के मध्य शैक्षणिक आदान-प्रदान सुगम हो सकेगा। इससे नई तकनीक के विकास, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, शोध और अनुसंधान, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और सामाजिक कार्यों में नई पहल संभव हो सकेगी। उन्होंने कहा कि इसकी मदद से संयुक्त शोध परियोजनाओं पर कार्य करके नई तकनीक विकसित करने का प्रस्ताव है, जिसकी मदद से विभिन्न स्वास्थ्य चुनौतियों का आसानी के साथ मुकाबला किया जा सकता है। एमओयू के पहले चरण में एम्स को ऐसे सिम्युलेटर और किट प्रदान किए जाने की योजना है, जिससे स्वास्थ्य कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके।

# आत्मानंद स्कूल में कला-कौशल विकास के लिए लगा समर कैंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली




विद्यार्थियों के कला-कौशल विकास के लिए समर कैंप 2024 का आयोजित किया गया। समर कैंप का आगाज़ 6 मई को प्राचार्य मनोज पटेल द्वारा किया गया। प्रथम सत्र योग -प्राणायाम के साथ प्रारंभ हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में पालकगण एवं विद्यार्थी शामिल होकर लाभान्वित हुए। बोर्ड परीक्षा परिणाम आने के पूर्व ही पालकों को तनाव प्रबंधन संबंधी विशेष प्रशिक्षण दिया गया एवं आवश्यक चर्चा परिचर्चा की गई।

समर कैंप को ख़ास बनाने तमाम तरह की एक्टिविटीज डिजाइन की गई है। जिसमें भाषायी कौशल विकास (इंग्लिश/संस्कृत), समझते हुए पढ़ना(रीडिंग स्किल), व्यक्तित्व विकास, बेसिक कम्प्यूटर एवं मैथ्स मैजिक, गीत संगीत, कहानी, डांस, ड्रॉइंग/ पेंटिंग, ओरिगेमी, कला शिल्प कौशल बढ़ाने हेरिटेज की सीख, केलीग्राफी, लीफ आर्ट, क्ले आर्ट, म्यूजिक, आर्ट एवं हैंडक्राफ्ट, विज्ञान के रोमांचक प्रयोग कार्य/गतिविधियां, मेंहदी आर्ट, फिजिकल फिटनेस के लिए हेल्थ अवेयरनेस प्रोग्राम के साथ ही योग, पीटी, जुंबा, मार्शल आर्ट, कैरम, चेस प्रशिक्षण आदि को शामिल करते हुए विभिन्न रुचिकर, ज्ञानवर्धक, आनंददायक, नवाचारी गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से यह समर कैंप आयोजित किया जा रहा है। समर कैंप में एक ओर जहां बच्चे हुनरमंद बनेंगे। वहीं उनकी प्रतिभा भी निखरेगी। बच्चे जहां समर कैंप में खेल खेल में खुशी-खुशी अपने मित्रों के साथ नई और अच्छी चीजें सीख सकते हैं। वहीं मोबाइल फोन, वीडियो गेम्स आदि की दुनिया से भी कुछ वक्त दूर रहेंगे। बच्चों को विषय विशेषज्ञों द्वारा ट्रेनिंग देने के साथ ही उनका आईक्यू टेस्ट भी लिया जाएगा। इससे बच्चों के सीखने की क्षमता का पता लगेगा। प्रधान पाठक यशवंत कुमार चौधरी ने बताया कि समर कैंप में ऐसी गतिविधियां शामिल हैं, जो विद्यार्थियों के जीवन के शारीरिक, मानसिक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक पहलुओं को विकसित करने में मदद करती हैं। हमारा उद्देश्य शैक्षिक, मनोरंजक और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों के जीवन की वर्तमान और भविष्य की गुणवत्ता में सुधार करना है। प्राचार्य मनोज पटेल ने बताया कि समर कैंप से प्रबंधन के साथ आउटडोर/इंडोर गेम्स, इंग्लिश स्पोकन, पर्सनॉलिटी डेवलपमेंट, योगा, आर्ट एंड क्राफ्ट, डांस जैसी कई गतिविधियां सहज रूप से बच्चों को सीखने को मिलेगी। इसलिए अधिकाधिक विद्यार्थियों को इसका लाभ लेने प्रेरित किया जा रहा है।

इस खास समर कैंप को सफल बनाने में गेस्ट टीचर्स के साथ प्राचार्य मनोज पटेल, व्याख्याता लता साहू, महेश नायक, प्रदीप नारायण सेठ, नरेश पटेल, मीना एस प्रकाश, सुब्रत प्रधान, जलंधर वर्गे, दिनेश कर, प्रवीण तिवारी, रेखा पुरोहित, उमा नायक, हरिश चौधरी, ज्योति सलूजा, लक्ष्मी चौधरी, मंजिला चौधरी, मौसमी माथुर, शिवेंद्र सिंह सोनवानी, साकेत राजवाड़े, प्रधान पाठक यशवंत कुमार चौधरी, शिक्षिका रश्मि राजा, शिक्षक श्याम सुंदर दास, शिक्षक विनोद कुमार चौधरी, गजानंद प्रधान, विशिकेशन नैरोजी, हिमाद्री प्रधान, प्रधान पाठक आशा शर्मा, सहायक शिक्षक एलबी पात्रो, नेतराम पटेल, धनपत सिदार, भारती सिदार, शोभाराम भोई, नेहा दास साहू, गुलाब चौहान, अक्षय भोई, रोहित मुन्ना, सविता सिदार, घसियाराम चौहान, गीती बरिहा, गोमती बरिहा, केशवप्रसाद चौहान आदि का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

# श्रीमद भागवत में सुनाई गई कृष्ण-सुदामा मिलन की कथा



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम खरोरा में भागवत महापुराण कथा का आयोजन स्व. मनीष कन्नौजे की स्मृति में किया जा रहा है। पंडित कुलभूषण तिवारी ने कृष्ण और सुदामा कथा का बखान करते हुए कहा कि मां देवकी के कहने पर छह पुत्रों को वापस लाकर मां देवकी को दिया। सुभद्रा हरण एवं सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान कृष्ण व सुदामा से समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र (सखा) से मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे।

उन्होंने कहा कि सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछे और महल की ओर बढने लगे द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया तब सुदामा ने कहा कि कृष्ण मेरे मित्र हैं। इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है और अपना नाम सुदामा बता रहा है। जैसे ही द्वारपाल के मुंह से कृष्ण ने सुदामा का नाम सुना, वैसे ही तेजी से द्वार की तरफ भागे। सामने सुदामा को देखकर कृष्ण ने अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कृष्ण को गले से लगाया। भगवान कृष्ण, सुदामा को अपने महल में ले गए और उनका अभिनंदन किया।

इस दौरान श्रोता जीवंत झांकी देखकर भाव विभोर हो गए। उन्होंने सुदामा और कृष्ण की झांकी पर फूलों की वर्षा की।

## बैंकों को नोटिस जारी करने की तैयारी

# महादेव सट्टा एप : सटोरियों से जब्त अकाउंट में 5 से 10 लाख ट्रांजेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महादेव सट्टा एप को लेकर पुलिस ने महाराष्ट्र, पुणे से जिन 26 सटोरियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से जो बैंक अकाउंट जब्त किए गए हैं, उनमें से एक दर्जन से ज्यादा बैंक अकाउंट रायपुर तथा दुर्ग में खोले जाने की बात सामने आई है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में जो बातें सामने आई हैं, उसके मुताबिक जब्त बैंक अकाउंट में एक दिन में पांच से दस लाख रुपए तक के ट्रांजेक्शन किए गए हैं।

पुलिस अफसरों के मुताबिक पुणे में गिरफ्तार किए गए सटोरियों के कब्जे से जो बैंक अकाउंट जब्त किए गए हैं, उन अकाउंट की प्रारंभिक पड़ताल में 30 करोड़ रुपए लेन-देन करने की जानकारी मिली है। अकाउंट के डिटेल खंगालने पर लेन-देन करने का आंकड़ा 30 करोड़ रुपए से पार जा सकता है। अकाउंट खुलने के बाद से लेकर उसमें अब तक कितने का ट्रांजेक्शन किया गया है, इस संबंध में जानकारी जुटाने पुलिस अफसर संबंधित बैंक को पत्र लिखने की बात कह रहे हैं।

### ट्रांसफर रकम की जानकारी जुटाएंगे

*पुलिस अफसरों के मुताबिक सट्टा संचालित करने जो बैंक अकाउंट खोले गए थे, उन अकाउंट से किन-किन लोगों के अकाउंट में कितनी रकम ट्रांसफर की गई, पुलिस इस बात की भी जानकारी जुटाएगी। इसके साथ अकाउंट से कितने रुपए कैश निकाले गए, पुलिस इसकी भी जानकारी जुटाने की बात कह रही है।*


सटोरियों को दबोचने सब्जी और दूध बेचने वालों से लेकर छात्र बनकर पुलिस ने की रेकी

### पांच से दस लाख तक ट्रांजेक्शन

पुलिस ने जो बैंक अकाउंट जब्त किया है, उसमें पुलिस को जो प्रारंभिक जानकारी मिली है, उसके मुताबिक अकाउंट में एक दिन में पांच से 10 लाख रुपए ट्रांजेक्शन किए गए हैं। जब्त किए गए अकाउंट सेविंग खाता हैं। सेविंग अकाउंट हैं, ऐसे में सवाल उठता है कि सेविंग अकाउंट में एक दिन में पांच से 10 लाख रुपए कैसे ट्रांजेक्शन किया जा सकता है, जबकि बैंक लेन-देन पर आयकर विभाग की निगरानी रहती है।

### बैंक कर्मियों की संलिप्तता की जांच

एसएसपी संतोष सिंह के मुताबिक बैंक कर्मियों की बगैर मिलीभगत के फेक आईडी तथा बगैर आईडी प्रूफ के बैंक अकाउंट खोलना संभव नहीं है। पुलिस अफसर के अनुसार ज्यादातर बैंक अकाउंट फेक आईडी के खोले गए हैं। अफसर इस संबंध में पड़ताल करने के बाद दोषी बैंक कर्मियों के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं।

### आयकर विभाग की नजरें बचाकर ट्रांजेक्शन

*पूर्व में सट्टा संचालित करने जिन सेविंग अकाउंट में एक दिन में लाखों का ट्रांजेक्शन किया गया, उन खाताधारकों को आयकर विभाग ने नोटिस जारी किया था। आशंका जताई जा रही है, महादेव सट्टा एप से जुड़े सटोरिए बैंक प्रबंधन के साथ मिलीभगत कर सट्टा संचालित करने जो बैंक अकाउंट खुलवाए थे, उन अकाउंट की जानकारी आयकर विभाग तक नहीं पहुंचे, इसके लिए बैंक कर्मियों के साथ साठ-गांठ की होगी।*

### पप्पू जेठवानी की तलाश में जुटी पुलिस

*पैनल लेकर सट्टा संचालित करने के मास्टर माइंड समता कालोनी निवासी पप्पू जेठवानी है, जो अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर है। पुलिस को आशंका है कि पप्पू जेठवानी हैदराबाद में छिपा हो सकता है या फिर वह दुबई फरार हो गया है। पप्पू के देश में छिपे होने की स्थिति में पुलिस उसके छिपने के संभावित ठिकानों में छापे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।*

# खारुन नदी में जलकुंभी की भरमार

## लक्ष्मण झूला से लेकर घाट तक पसरी गंदगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर की लाइफलाइन कही जाने वाली जीवनदायिनी खारुन नदी में जलकुंभी की भरमार से लोग परेशान हैं। महादेवघाट से लक्ष्मण झूला तक भारी मात्रा में जलकुंभी जमा होने से घाट पर पूजा पाठ, स्नान करने आने वालों को दिक्कत हो रही है। वहीं महादेवघाट में परिजनों के अंतिम संस्कार के दौरान अंतिम क्रिया कर नदी में पवित्र स्नान के लिए साफ-सुथरी जगह नही होने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। इतना सब होने के बाद भी इस अव्यवस्था को देखने वाला कोई नहीं है। रायपुर नगरनिगम शहर के ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित करने के मामले में कोताही बरत रहा है। एक तरफ जहां राजधानी के प्राचीन तालाबों की सफाई, सौंदर्यीकरण और गंदे नाले -नालियों की गंदगी को तालाबों में गिरने से रोकने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करवा रहा है। वहीं महादेवघाट स्थित खारुन नदी की नियमित सफाई नहीं होने से इन दिनों घाट से लेकर लक्ष्मण झूला वाले क्षेत्र में भारी मात्रा में जलकुंभी जमा है। इसके कारण नदी का साफ पानी दूर तक नजर नहीं आ रहा। गर्मी के दिनों में राजधानी रायपुर सहित आसपास के इलाकों से लोग यहां नौका विहार का आनंद उठाने पहुंचते हैं, पर खारुन नदी में जलकुंभी के जाल ने नौका विहार का रास्ता रोक रखा है। इससे नौका चलाकर जीवन यापन करने वाले गरीब परिवारों की आजीविका पर भी असर पड़ा है। घाट किनारे अब गिनती की नौका उपलब्ध हैं ।

■ अंतिम क्रिया कराने पहुंच रहे लोगों को भी दिक्कत

### चुनाव के बाद कराएंगे जलकुंभी सफाई

खारुन नदी महादेवघाट में जलकुंभी की सफाई चुनाव के बाद कराई जायेगी। समय-समय पर स्थानीय मछुआरों की सहायता से जलकुंभी निकालने का काम कराया जाता है। घाट किनारे और लक्ष्मण झूला के आसपास जलकुंभी को हटाने अभियान चलाया जायेगा।
- **अरुण ध्रुव,** कमिश्नर, नगर निगम जोन 8

### घाट की सफाई नहीं होने से पसरी गंदगी

*महादेवघाट में धार्मिक, सामाजिक कार्यों के सिलसिले में लोगों का आना-जाना बना रहता है। इस दौरान पूजन सामग्री, खाद्य सामग्री के अलावा प्लास्टिक पन्नी, रैपर सहित अन्य तरह के कूड़ा करकट घाट के किनारे बिखरा कर चले जाने से घाट की सफाई प्रभावित हुई है। नगर निगम जोन के जोन गैंग और सेंट्रल गैंग महादेवघाट सहित आसपास के धार्मिक स्थल की सफाई नियमित रूप से नहीं कर रही है। इसके कारण घाट के आसपास कचरों का ढेर जमा हुआ है।*

# रविवि की सेमेस्टर परीक्षाएं 6 जून से, जुलाई के प्रथम पखवाड़े तक चलेंगे पर्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा सेमेस्टर परीक्षाओं की समय-सारिणी जारी कर दी गई है। परीक्षाएं एक पाली में सुबह 8 से 11 बजे तक आयोजित की जाएंगी। रविवि अध्ययनशाला के साथ ही महाविद्यालयों को भी समय-सारिणी प्रेषित कर दी गई हैं। किसी तरह की त्रुटि होने पर सूचित करने कहा गया है। रविवि की सेमेस्टर परीक्षाओं की शुरुआत 6 जून से होगी। विवि प्रबंधन द्वारा ठीक एक माह पहले समय-सारिणी जारी की गई है। परीक्षाएं 15 जुलाई को समाप्त होंगी। सबसे अंत में बीवॉक और एमएससी आईटी की परीक्षाएं समाप्त होंगी। एमकॉम द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 11 से 28 जून तक चलेगी। चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 13 जून से 2 जुलाई तक आयोजित की जा रही है। एमए के अंतर्गत विभिन्न विषयों की परीक्षाएं 6 जून से 2 जुलाई तक आयोजित होगी।

# जग्गी हत्याकांड में शामिल तीन लोगों ने कोर्ट में किया सरेंडर

हरभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एनसीपी नेता रामअवतार जग्गी हत्याकांड में शामिल तीन अन्य अभियुक्तों ने सोमवार को कोर्ट में सरेंडर किया है। हत्याकांड में शामिल 27 में से 10 आरोपी अब तक कोर्ट में सरेंडर कर चुके हैं। हत्याकांड में शामिल जिन तीन लोगों ने कोर्ट में सरेंडर किया है, वो मध्यप्रदेश, भिंड के रहने वाले हैं। सरेंडर करने वाले अभियुक्त अपने वकील तथा परिजनों के साथ कोर्ट पहुंचे थे। कोर्ट में सरेंडर करने वालों में राजू भदोरिया, धर्मेंद्र उर्फ लल्लन सिंह तथा एक अन्य शामिल है।

■ सरेंडर करने वाले मध्यप्रदेश, भिंड के रहने वाले



### फिरोज को राहत

हाईकोर्ट द्वारा आजीवन कारावास की सजा बरकरार रखे जाने के बाद फिरोज सिद्दीकी ने सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी। सिद्दीकी ने अपनी याचिका में बताया कि जग्गी हत्याकांड में उसकी भूमिका को सही तरीके से अभियोजन पक्ष द्वारा परिभाषित नहीं किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने इसी आधार पर जमानत देते हुए 25-25 हजार रुपए के दो बांड तथा जमानतदार पेश करने के लिए कहा है।

# 9 राज्यों की प्रीमियम ब्रांड की 3 लाख की महंगी शराब के साथ एक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आबकारी विभाग ने रविवार रात मंदिरहसौद क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को 9 राज्यों की प्रीमियम ब्रांड की महंगी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी दंतेवाड़ा जिले का रहने वाला है, जो पेशे से अवैध शराब बिक्री का कारोबारी है। उसके पास से विभागीय टीम ने दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गोवा, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक एवं मध्यप्रदेश राज्यों की प्रीमियम ब्रांड की 64 बोतल शराब बरामद की है, जिसकी कुल कीमत 3 लाख रुपये आंकी गई है।

### टाटा नैनो से 60 हजार कीमत की शराब बरामद

विभागीय टीम ने इसके अलावा शंकर नगर क्षेत्र के कचना मार्ग पर एक नैनो कार की तलाशी लेने पर उसमें से 60 हजार कीमत की शराब बरामद की है। इस कार से 230 नग केन बीयर और मेक्डावल नंबर वन ब्रांड की 7 बोतल शराब बरामद की है। टीम ने कार चालक डंकानारा सीमूल निवासी दुर्गा नगर न्यूराजेंद्र नगर को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार तिल्दा क्षेत्र में भी अलग-अलग दो जगह से दो व्यक्ति को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 210 लीटर शराब से भरी बोतले जब्त की है। इन तीनों प्रकरण में आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

### सूनी जगह पर झाड़ियों में छिपाकर रखी थी शराब

जिला आबकारी उपायुक्त विकास गोस्वामी ने बताया कि लोकसभा चुनाव का 7 मई को मतदान होना है। इसे लेकर पूरे जिले में 5 मई शाम को 5 बजे से ड्राई डे घोषित किया गया है। इसके तहत जिलेभर में शराब दुकानें भी बंद हैं। इस दौरान अवैध शराब की तस्करी व कारोबार करने वालों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि रविवार रात को विभागीय टीम ने मंदिरहसौद क्षेत्र में वुडआइलैंड के निकट एक कच्ची सड़क पर एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा गया, उसके हाथ में एक थैला था।

# फिल्टर प्लांट और इंटकवेल संचालन में नगर निगम के हाथ-पांव फूले

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

फिल्टर प्लांट और इंटकवेल के संचालन में निगम प्रशासन के हाथ-पांव फूल रहे हैं। हर महीने औसतन 3 करोड़ रुपये और 1 साल में 36 करोड़ रुपये के भारी भरकम बिजली बिल का भुगतान करने नगर निगम राज्य सरकार के भरोसे है। आर्थिक तंगहाली से जूझ रहे नगर निगम के जल विभाग ने इसके लिए सोलर प्लांट का प्रस्ताव तैयार कराया है। इसे शासन के पास मंजूरी के लिए भेजा जायेगा।

रायपुर नगर निगम के 10 जोन के 70 वार्ड में रहने वाले 14 लाख लोगों को नगर निगम भाठागांव स्थित फिल्टर प्लांट और इंटकवेल से शहर की 43 नई और पुरानी पानी टंकियों के माध्यम से 12 महीने शुद्ध पेयजल की आपूर्ति करता है। इस सतत प्रक्रिया में जल शुद्धिकरण के दौरान फिल्टर प्लांट और इंटकवेल के संचालन के लिए प्लांट को चौबीस घंटे संचालित करने बिजली की जरूरत पड़ती है। सूत्रों के मुताबिक फिल्टर प्लांट संचालन के लिए हर महीने करीब 3 करोड़ के बिजली बिल का भुगतान नगर निगम को करना पड़ता है। इस तरह 1 साल में 36 करोड़ रुपये फिल्टर प्लांट और एनीकेट के बिजली बिल का खर्च है। 2018 से पहले नगर निगम फिल्टर प्लांट और इंटकवेल के विद्युत बिल का नियमित रूप से भुगतान करने की स्थिति में रहा, पर 2018 के बाद से जल विभाग विद्युत बिल का भुगतान समय पर नहीं कर पा रहा है।



### जल शुल्क और विद्युत शुल्क का 156 करोड़ बकाया

निगम के अधिकारियों के मुताबिक फिल्टर प्लांट के 2 साल का बिजली बिल भुगतान लंबित है। इसी तरह जल शुल्क के रूप में एकमुश्त राशि का भुगतान लंबित है। जल शुल्क और विद्युत शुल्क मिलाकर कुल 156 करोड़ रुपये का भुगतान नगर निगम के जल विभाग ने अब तक नहीं किया है।

### सोलर प्लांट का प्रस्ताव

निगम के फिल्टर प्लांट में बिजली की बचत के लिए प्रधानमंत्री विद्युतीकरण योजना अंतर्गत सोलर प्लांट का प्रस्ताव तैयार कराया जा रहा है। इस प्रस्ताव को राज्य शासन के पास मंजूरी के लिए भेजा जायेगा।
- **सतनाम पनाग,** अध्यक्ष, जल विभाग, नगर निगम रायपुर

### रॉ वाटर खरीदने में ही हर महीने 1 करोड़ 10 लाख रुपए खर्च

जल विभाग हर महीने 1 करोड़ 10 लाख रुपए का रॉ वाटर सिंचाई विभाग से गंगरेल डेम के माध्यम से खरीदता है। साल में 10 महीने तक उसे डेम से पानी खरीदने की जरूरत पड़ती है। इस तरह 10 महीने में 11 करोड़ रुपये का रॉ वाटर शहर के 70 वार्डों के लिए खरीदा जाता है, जबकि बारिश के दिनों में प्राकृतिक जल स्त्रोतों की उपलब्धता केवल 2 माह तक रहती है। इन 2 महीनों में खारुन का पानी लोगों की प्यास बुझाता है। इसीलिए सिंचाई विभाग से गंगरेल डेम का कच्चा पानी खरीदने की जरूरत ही नहीं पड़ती।

**खबर संक्षेप**

### गायत्री शक्तिपीठ में निःशुल्क व्यक्तित्व विकास शिविर आज से

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के मार्गदर्शन में युवा प्रकोष्ठ महासमुंद द्वारा तीन दिवसीय व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन गायत्री शक्तिपीठ बरोंडा चौक में 8 मई से 10 मई तक प्रातः 8 से 11 बजे तक किया गया है। जिसमें कोई भी युवक-युवतियां शामिल हो सकते हैं। ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में बालक-बालिकाओं के लिए काम आने वाले महत्वपूर्ण विषयों का निर्धारण किया गया है। जिसमें कैरियर निर्माण कैसे करें? सफल जीवन जीने की कला, व्यक्तित्व निर्माण के सूत्र, बालिका शिक्षा व नारी जागरण, स्वस्थ रहने के सूत्र, स्मरण शक्ति कैसे बढ़ाएं? स्वाध्याय जीवन की आवश्यकता, नशा मुक्ति अभियान, बाल संस्कार शाला एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों पर पावर पॉइंट एवं प्रोजेक्टर के माध्यम से आकर्षक एवं मनोरंजन ढंग से प्रस्तुति किया जाना है । अतः महासमुंद के पालकों से निवेदन है कि अपने बच्चों को शिविर में अवश्य भेजें यह शिविर पूर्णता निःशुल्क है। कक्षा आठवीं से कॉलेज तक अध्ययन करने वाले बालक, बालिका दोनों इसमें भाग ले सकते हैं। आसपास के गांवों के युवाओं से भी अपील गई है कि वे गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद में अपना पंजीयन करा कर कार्यक्रम का लाभ उठाएं।

**आयोजन:** छत्तीसगढ़ और ओडिशा के आमंत्रित संकीर्तन मंडली देंगे प्रस्तुति

# तोषगांव में हरि नामयज्ञ संकीर्तन्य अष्टप्रहरी कार्यक्रम 11 से, तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली/बसना

तोषगांव में हरि नामयज्ञ संकीर्तन्य अष्टप्रहरी आयोजन 11 से बसना/सरायपाली पूर्वी छत्तीसगढ़ के फुलझर राज्य अंचल के संस्कारधानी गांव के नाम से विशेष पहचान स्थापित ग्राम पंचायत तोषगांव में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी समस्त भगवत संकीर्तन प्रेमी ग्रामीण एवं अंचल के उदार दानदाताओं के जनसहयोग से आगामी 11 व 12 मई को आदि जगतगुरु शंकराचार्य व भक्तिकालीन सगुण कृष्ण भक्तिमार्गी महाकवि संत शिरोमणि सूरदास की जयंती और मातृ दिवस पर गौर-निताई गौरमठ मंदिर प्रांगण में हरि नामयज्ञ नाम संकीर्तन्य अष्टप्रहरी का आयोजन किया जा रहा है। जहां प्रथम दिवस 11 मई को कुलपुरोहित पंडित पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार होगा। साथ ही ग्रामाधिपति यज्ञमानों के व्रत यज्ञीय संकल्पना से सर्व देवा-देवी देवाव्हान कलश स्थापना, पूजा, गौर- निताई जगन्नाथ भगवान के विग्रह मूर्तियों का महाआरती, मृदंग खोल-ताल पूजन व हरि नामयज्ञ अष्टप्रहरी का अखंड नामोच्चारण में ग्राम तोषगांव एवं आश्रित ग्राम मनकी के संकीर्तन मंडलियां प्रस्तुति देंगी। छत्तीसगढ़ के दो और पश्चिम ओडिशा के छह नामी आमंत्रित संकीर्तन मंडलियों खलिहापाली अताबिरा (ओडिशा), साल्हेपाली रेशम (ओडिशा), अड़ाईगुढ़ी रेशम (ओडिशा), तालमेंडा भेड़ेन (ओडिशा), ब्रम्हचारी- बरगढ़ (ओडिशा) , पहंडी- बिजेपुर (ओडिशा) और देवलगढ़ बरनाईदादर (छत्तीसगढ़) नाम जाप में सहयोग प्रदान करेंगे। द्वितीय दिवस वैशाख शुक्ल पक्ष पंचमी को कुलपुरोहित, पंडित, पंडा, पुजारियों, यज्ञमानों और ग्रामीण अनुष्ठानकर्ताओं की उपस्थिति में ग्राम्य वैभव सुख समृद्धि, गौ धन-धान्य, सद्भावना और विश्व कल्याण की मंगल कामना सहित यज्ञीय हवन पूजन पूर्णाहुति व मंदिर में विराजित आराध्य महाप्रभु भगवान जगन्नाथ को भोग प्रसाद समर्पित पश्चात संकीर्तन दर्शनार्थी सर्व जन समुदाय को हरिपंगत अभड़ा भोग महाप्रसाद वितरण किया जाएगा।

दोपहर 12.30 बजे से हरि नामयज्ञ संकीर्तन्य का गायन -वादन एवं कला प्रदर्शन का आकर्षण सांस्कृतिक छटा, भजन बैठकी का प्रस्तुति व दधीभंजन पश्चात विभिन्न वार्डों में नगर भ्रमण का कार्यक्रम रहेगा। हरि नामयज्ञ संकीर्तन आयोजन की तैयारी में आयोजन समिति के पदाधिकारीगण, ग्राम पंचायत जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीण युवा वर्ग अपने -अपने दायित्वों के अनुसार पंडाल, वंदनवार, स्वागत द्वार आदि निर्माण कार्यों में युद्ध स्तर पर जुटे हुए हैं। आयोजन समिति ने संकीर्तन भगवत्प्रेमी सनातन धर्मानुरागी दर्शनार्थी भक्तवृंदों को बहु-संख्या में भाग लेकर इस पुण्य अवसर के भागी बन आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।



#### संकीर्तन्य अनुष्ठान कराने का इतिहास प्राचीन

आयोजन समिति के संरक्षक विद्याभूषण सतपथी सेवानिवृत्त प्राचार्य समाज सेवी, राष्ट्रभाषा हिंदी अकादमी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अध्यक्ष पुरुषोत्तम प्रकाश भोई एवं सलाहकार रासबिहारी विशाल ने बताया कि यह हरि नामयज्ञ संकीर्तन्य अनुष्ठान करवाने का इतिहास कितना प्राचीन है, हम नहीं जानते। परंतु, प्रतिवर्ष परम्परागत रूप में वैशाख मास के शुक्ल पक्ष में पूर्वजों की देन विरासत की यह परम्परा पूरी निष्ठा और तन्मयता से होता आ रहा है। तोषगांव हरि नामयज्ञ को अंचलवासी एक भक्ति गंगा तीर्थ महोत्सव के रूप में स्मरण करते हैं। इस दिन ग्राम के शासकीय-अशासकीय विभिन्न प्रदेशों में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारी वर्ग यहां तक विदेशों में रहने वाले प्रवासी को भी यह दिन तोषगांव मातृभूमि की सोंधी महक खींच लाता है। हर घर दीपावली पर्व की भांति संकीर्तन दर्शनार्थी मेहमानों से गुलजार रहता है। पुराने इष्टमित्रों, बंधु बांधव का सम्मेलन का दिन होता है। यह जानकारी राजेंद्र सिंह सिदार शिक्षक ने दी है।

## छात्रों को परीक्षा में कम अंक या अनुत्तीर्ण होने पर निराश होने की जरूरत नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

छत्तीसगढ़ शासन व जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें शिक्षक सहित छात्र-छात्राओं तथा उनके पालकों को लेकर हायर सेकेंडरी स्कूल अंकोरी में मंगलवार को बैठक आयोजित की गई। ज्ञात हो कि शासन द्वारा चलाए जा रहे मुख्य उद्देश्य को लेकर पालकों के साथ चर्चा परिचर्चा की गई। इस दौरान बैठक का संचालन करते हुए संतलाल डडसेना ने बताया कि पालक, छात्र-छात्राओं परीक्षा परिणाम को लेकर दबाव न बनाएं। इस बैठक में प्राचार्य यज्ञराम सिदार ने कहा कि परीक्षा में फेल व पास होना वह छात्र के मेहनत पर निर्भर करता है। परंतु, अगर कम अंक आए या अनुत्तीर्ण हो तो निराश नहीं होना चाहिए। पुनः मेहनत करो तो सफलता निश्चित प्राप्त होगी। उन्होंने यह भी कहा कि कई छात्र-छात्राएं आत्महत्या जैसे गलत कदम उठाते हैं, यह उसका समाधान नहीं। जीवन में अवसर अनेक आते हैं। बैठक में प्रोजेक्टर द्वारा कलेक्टर एवं मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन, एनआरआईटी प्रमुख, मनोचिकित्सकों द्वारा दी गई प्रमुख जानकारियां दिखाई गई। इस अवसर पर लेक्चरर लालता प्रसाद डडसेना, हीराधर नंद, सौदामिनी प्रधान, मधुमंगल बारिक, उमाशंकर भोई, नीलम साहू, टिकेंद्र ध्रुव एवं पालकगण में शाला प्रबंधन समिति सदस्य हीरालाल साव, गौतम प्रधान, दीपक जगत, मोतीलाल चौहान , किशोर सिदार, नृपराज सिदार, गोवर्धन भोई, उत्तम प्रधान आदि मौजूद रहे।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल में तनाव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



विद्यालय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुमगांव में तनाव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसमें विद्यालय के प्राचार्य कुरील ने अपने विचारों को रखते हुए तनाव के कुछ लक्षणों से पालकों को अवगत कराया एवं वरिष्ठ व्याख्याता आईएल साहू एवं केआर साहू द्वारा तनाव से मुक्त होने के समाधान बताए गए। इस कार्यशाला में कुछ पालकों द्वारा भी तनावमुक्त होने के विषय में अपने विचार व्यक्त किए गए। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम के व्याख्याता गायगौरे द्वारा पालकों से निवेदन किया गया कि बच्चों से मित्रवत व्यवहार बनाए रखें एवं समय-समय पर बच्चों के व्यवहारों एवं गतिविधियों पर नज़र बनाएं रखें।

कार्यशाला में विद्यालय के प्रमुख प्राचार्य कुरील दोनों माध्यमों के सभी शिक्षक, आईएल साहू, केआर साहू, रेवती रमण तारक, कामता प्रसाद साहू, पवन डडसेना, तिलक शर्मा, सिद्धांत गायगौर, सुरेश यादव, सागर झा, सत्यम पांडेय, सजल चंद्राकर, तरुण सिन्हा, लक्ष्मी नारायण साहू, लोकेश साहू, डोलेश होता, हेमलता साहू, अंकिता ठाकरे, मधुरिमा शर्मा, भारती भार्गव, सोनाली साहू, प्रगति साहू, लिली मजखंड, रूपाली गुप्ता एवं पालकगढ़ उपस्थित रहे।

## गायत्री परिवार का ग्राम तीर्थ अभियान की शुरुआत

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में माता की जन्म शताब्दी वर्ष 2026, अखंड ज्योति स्थापना वर्ष, साधना शताब्दी 2026, राष्ट्र चेतना जागरण यज्ञ अभियान और विजन 2026 के तहत देश के प्रत्येक गांव एवं घर-घर में सद्बुद्धि की देवी वेद माता, देवमाता, विश्व माता गायत्री एवं भारतीय संस्कृति के पिता यज्ञ को घर-घर पहुंचाने ग्राम तीर्थ यात्रा अभियान 1 मई से प्रारंभ हो चुका है, जो 31 मई तक चलेगा।



इसी क्रम में गायत्री परिवार महासमुंद एवं बागबाहरा ब्लॉक इकाई के संयुक्त निर्देशन में झालखमहरिया, परसदा, लभरा, तेलीबांधा, खम्हारमुड़ा में कार्यक्रम हो चुका है। आगामी दिनों में कोकनाझार, जामगांव (बीकेबहरा), नवागांव, भालुकोना, पंडरीपानी, लोंडामुडा, कुलिया, टेमरी , टेंगराही, तिलईदादार, कल्याणपुर, सोनदादार, सीरी, जोंबा, आमानारा, कन्हारपुरी, मुड़ियाडीह , रामखेड़ा , मानपुर, जोगीडीपा, बोडरा, रायमुड़ा, सिंघनगढ़ में ग्राम तीर्थ यात्रा पहुंचेगी। सभी ग्रामों में प्रथम दिवस संपर्क, आमंत्रण, प्रदक्षिणा, कलश यात्रा, संध्या 6 बजे से संगीत, उद्बोधन एवं दीप यज्ञ होगा। इसी प्रकार द्वितीय दिवस प्रातः 9 से 12 बजे तक 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ, विभिन्न संस्कार, प्रज्ञा मंडल, युवा मंडल, महिला मंडल का गठन एवं राष्ट्र जागरण, राष्ट्रीय सामाजिक, पर्यावरण महत्व के विषयों पर चर्चा होगी। सामूहिक दीप यज्ञ के माध्यम से यज्ञ एवं गायत्री की महिमा, भारतीय संस्कृति के संरक्षण एवं स्वास्थ्य संवर्धन, पर्यावरण संवर्धन आदि विषयों पर उद्बोधन के माध्यम से कार्यक्रम हो रहे है। महासमुंद व बागबाहरा की टीम द्वारा संगीतमय प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। उपरोक्त जानकारी आशीष कुमार साहू ने दी है।

# मतदाताओं को मतदान केंद्र तक ले जाना तीर्थ कराने जैसा : अग्रवाल

## ऊंगली पर लगी अमिट स्याही का निशान दर्शाता है आपके विशेषाधिकार को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ऐसे मतदाता जिन्होंने अभी तक अपने मत का प्रयोग नहीं किया है, ऐसे मतदाता जो दिव्यांग है और ऐसे मतदाता जो बुजुर्ग है उन्हें मतदान केंद्र तक ले जाने में युवाओं को अपनी भूमिका दर्ज करनी चाहिए। मतदाताओं को मतदान केंद्र तक ले जाना तीर्थ कराने जैसा है। मतदाताओं को समझाना होगा कि ऊंगली पर लगी स्याही सिर्फ निशान नहीं अपितु आपका विशेषाधिकार है जो प्रमाणित करता है कि आप अपने देश और प्रदेश के मुखिया का चुनाव करने में सक्षम हैं। उक्त उद्गार राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना उज्जैन द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी के आभासी पटल पर बतौर मुख्य अतिथि डॉ अनुसुइया अग्रवाल प्राचार्य शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद व्यक्त कर रही थी।

विदित हो कि राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना के तत्वावधान में मतदान अधिकार और कर्तव्य, मतदान महोत्सव सुझाव एवं मार्गदर्शन विषय पर 289वीं अंतरराष्ट्रीय आभासी गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विशिष्ट अतिथि डॉ. हरिसिंह पाल महामंत्री नागरी लिपि परिषद दिल्ली थे। अपने वक्तव्य को आगे बढ़ते हुए डॉ अनुसुइया ने कहा कि हमें जन-जन को समझाना होगा कि आपको अपने अधिकारों के लिए ही नहीं कर्तव्यों के लिए भी जागरूक होना है। उन्हें यह भी बताना होगा कि आपकी ऊंगली में लगी अमिट स्याही के कारण ही आप लोकतंत्र की जान और देश की पहचान के रूप में जाने जाते हैं। मतदान केंद्र तक जाकर अपने मत का प्रयोग करना एक महत्वपूर्ण कार्य है। राष्ट्र के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाइए और इस मतदान उत्सव को धूमधाम से मनाइए। डॉ अग्रवाल के अनुसार इस महोत्सव में विद्यार्थियों को मतदान मित्र के रूप में प्रशिक्षण देकर उनका सकारात्मक



उपयोग किया जाना भी उचित होगा। विशिष्ट अतिथि सुरेश चंद्र शुक्ल, शरद आलोक नार्वे ने कहा कि चुनाव के लिए चंदा नहीं लेना चाहिए और प्रलोभन भी नहीं देना जाना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि बृज किशोर शर्मा, पूर्व शिक्षा अधिकारी एवं अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से सारी चीजों को ठीक किया जा सकता है। विशिष्ट अतिथि डॉ दक्षा जोशी ने मतदान का महत्व काव्यात्मक रुप से किया।। विशिष्ट वक्ता डॉ. प्रभु चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना ने कहा कि मतदान हमारा अधिकार एवं कर्तव्य है हमें पालन करते हुए सदुपयोग मतदान करना चाहिए।

मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. शैलेंद्र कुमार शर्मा, विभागाध्यक्ष एवं कुलानुशासक विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन ने अपने मंतव्य में कहा- पुरुषों की तुलना में महिलाएं मताधिकार के प्रति अधिक जागरूक हो गई हैं। डॉ. सुवर्णा जाधव कार्यकारी अध्यक्ष राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना ने कहा कि जोड़कर छुट्टी आती है, तब तीर्थ यात्रा या धूमने के लालच में ना पड़े, मतदान करें। डॉ. रश्मि चौबे, गाजियाबाद राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष महिला इकाई राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना ने कहा कि सत्य और ईमान से, सरकार बने मतदान से। विशिष्ट अतिथि पद्ममचंद गांधी ने कहा कि एक-एक वोट से कई वोट बनते हैं, इसलिए सभी का मतदान जरूरी है।

विशेष अतिथि रंजीत कुमार बेंगलुरु ने कहा कि सरकारी अधिकारियों को ऑनलाइन वोट देने की सुविधा होनी चाहिए। प्रतिभा ने कहा कि गर्भवती महिलाओं के लिए वोट की व्यवस्था हो। डॉ. मुक्ता कान्हा कौशिक ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को बिना किसी भेदभाव के मतदान का हक होना चाहिए। सुधा शिक्षिका चंडीगढ़ ने कहा कि नया नेता चुनते समय जनता का ख्याल रखे ऐसा नेता चुनना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन श्वेता मिश्रा राष्ट्रीय सचिव राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना ने किया। श्वेता मिश्रा ने सरस्वती वंदना की। कार्यक्रम में स्वागत भाषण डॉ. अनिता तिवारी भोपाल ने दिया। प्रस्तावना डॉ अरुणा शुक्ला, नांदेड़ ने प्रस्तुत की। सुषमा गर्ग दिल्ली, रजनी प्रभा पटना, जया सिंह रायपुर, रश्मि लता मिश्रा, डॉ शहेनाज शेख नांदेड़ आदि की संगोष्ठी में महत्वपूर्ण उपस्थिति रही।

## सोसाइटियों में खाद-बीज लेने पहुंच रहे किसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

आगामी खरीफ सीजन के लिए ग्रामीण सेवा सहकारी समिति कसेकेरा में खाद और बीज का भंडारण हो गया है। इसी तरह नर्रा सेवा सहकारी समिति, परसुली सहकारी समिति, कोमाखान सहकारी समिति एवं कछारडीही में डीएपी, पोटाश, यूरिया, सुपर फास्फेट खाद और धान बीज लाल सरना, सफेद सरना, एक हजार एक मोटा, पतला एवं देवभोग पतला धान का भंडारण हो गया है। खरीफ सीजन के तैयारी के लिए किसान सोसायटी पहुंच रहे हैं। बताया जाता है कि इन दिनों क्षेत्र में ट्यूबवेल साधन वाले किसान रबी धान की कटाई जोर-शोर से चल रहा था। अचानक मौसम में बदलाव आने से मंगलवार अलसुबह पांच बजे गरज चमक के साथ अंचल के गांव में कही छिंटा तो कहीं बौछार होने की खबर है।

मौसम अचानक करवट लेने से अन्नदाता किसान तनाव में आ गए और खलिहान में रखे फसल को बारिश से बचाने के लिए पॉलीथिन तिरपाल लेकर सुबह से दौड़ पड़े। कुछ देर हवा के साथ हल्की फुल्की बारिश हुई। घर सामने गली में धान को तिरपाल से ढंक कर रख है। वहीं सुबह से लेकर दोपहर तक बादल छाए रहे और धूप छांव का दौर जारी है। जहां लोगों को गर्मी से थोड़ी सी राहत जरूर मिली है।

## अमृतधारा पेयजल सेवा का शुभारंभ...




**सरायपाली।** मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा सरायपाली द्वारा अमृतधारा के तहत पतेरापाली में पेयजल सेवा शुरू किया गया है, जो गर्मी में लोगों को ठंडे पानी उपलब्ध कराएंगे। इस अवसर पर मंडल सहायक मंत्री रश्मि अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, अमृतधारा संयोजक नीलम अग्रवाल, रूपल अग्रवाल, सपना अग्रवाल, अंजली अग्रवाल, सानिया अग्रवाल उपस्थित रहे।

### तीर्थयात्री रामेश्वरम धाम में श्रवण करेंगे भागवत कथा

**महासमुंद।** श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन रामेश्वरम धाम में किया गया है। 25 से 31 मई तक भागवत कथा का बखान आचार्य पंकज तिवारी करेंगे। इसके लिए तीर्थयात्री 18 मई से बस द्वारा रवाना होंगे। इस दौरान तीर्थयात्री अनेक तीर्थ स्थलों का भ्रमण करते हुए रामेश्वरम पहुंचेंगे। जहां कथा श्रवण के उपरांत यात्रा करते हुए 5 जून को वापस नगर पहुंचेंगे। जानकारी देते हुए आयोजन समिति के देवेंद्र चंद्राकर गुडडू, दिलीप जैन ने बताया कि तीर्थ यात्री विस्तृत जानकारी आयोजन समिति के कमल इंटरप्राइजेस से प्राप्त कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष बद्रीनाथ में भागवत कथा का अयोजन किया गया था। इस बार रामेश्वरम धाम में आयोजन किया जा रहा है। आने वाले वर्षों में द्वारिकाधीश और जगन्नाथपुरी में भी कथा आयोजन करने की योजना है।

### छात्रों को मानसिक तनाव तथा भयमुक्त रखने किया सम्मेलन

**सरायपाली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदा में कक्षा दसवीं व बारहवीं के परीक्षा परिणाम को लेकर छात्र-छात्राओं में होने वाले तनाव को दूर करने के उद्देश्य से पालक, शिक्षक एवं शाला विकास समिति का सम्मेलन रखा गया। जिसमें अपने अपने पाल्यों के परीक्षा परिणाम पर हतोत्साहित न होने एवं मानसिक तनाव तथा भय मुक्त रखने के लिए दिशा निर्देश दिया गया। जिसमें शाला विकास समिति के सदस्य चतुर्भुज डडसेना, सरपंच कमलेश्वरी दीवान और प्राचार्य एके षडंगी के साथ साथ समस्त व्याख्याता व कर्मचारी उपस्थित थे।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

# प्रथम पुण्यतिथि

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारूतः।।



## स्व. श्री रूपेश सिंह ठाकुर

जन्म : 6 मार्च 1974-स्वर्गवास 20 अप्रैल 2023

आपकी मधुर स्मृति, स्नेह, आदर्श, मार्गदर्शन, आशीर्वाद हमारे लिए सदैव प्रेरणादायक रहेंगे। आपकी बरसी (पुण्यतिथि) पर समस्त परिवारजन भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। आपका आशीर्वाद एवं स्नेह सदैव बना रहे...

**स्व. रूपेश सिंह ठाकुर** के प्रथम पुण्यतिथि पर
हम सभी अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।।

-श्रद्धानवत्-

कुंदन सिंह ठाकुर, बलराम सिंह ठाकुर, भूपेंद्र सिंह ठाकुर, करण सिंह ठाकुर,
अमन प्रतीक सिंह ठाकुर (बिट्टू), श्रेयांश सिंह ठाकुर (हनी),
सुजल सिंह ठाकुर (पुत्र), काव्यांश सिंह ठाकुर (बाबू),
अद्विक सिंह ठाकुर (कान्हा) एवं समस्त ठाकुर परिवार

-फर्म-

**श्री साईं राईस मिल-बागबाहरा**
**ओम साईं राईस मिल-बागबाहरा**
**श्री साईं होण्डा शो रुम-बागबाहरा**
**छत्तीसगढ़ फैमिली ढाबा-बागबाहरा**
**हनी कृषि केंद्र-बागबाहरा**

मो.नं. 8770132090, 7697767777, 9826709069,9926162555, 9425566922